स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 09.11.2017

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम, आयुक्त के निर्देश पर बेदखली कार्यवाही जोन 01 से प्रारम्भ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने लगातार निगम क्षेत्रों में हो रहे अतिक्रमण के संबंध में आवेदकों द्वारा निगम जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किये जा रहें हैं। प्रस्तुत किये गये संबंधित आवेदनों पर अतिक्रमण की कार्यवाही निर्धारित समय में नहीं की जा रही है इस संबंध में निगम आयुक्त श्री चौहान ने सभी जोन के जोनआयुक्तों, सहायक यंत्री एवं जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री चौहान ने सभी जोनआयुक्तों को निर्देशित करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अपने–अपने जोन अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले वार्डों में अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में जिन अतिक्रमणकारियों को जिन्हे नोटिस जारी किया गया है ऐसे लोगों की बेदखली की कार्यवाही प्रति सप्ताह शुक्रवार एवं शनिवार को राजस्व अमले के साथ सुनिश्चित् करें।

बेदखली की कार्यवाही का प्रारम्भ जोन 01 से किये जाने के संबंध में निगम आयुक्त श्री चौहान ने जोन 01 के आयुक्त श्री संजय बांगड़े को निर्देशित करते हुए कहा कि 10 एवं 11 नवम्बर को बेदखली की कार्यवाही के संबंध में रुपरेखा तैयार कर अवगत करावें। इस संबंध में सहायक राजस्व अधिकारी श्री शोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल दिन शुक्रवार को जुनवानी चौक से शंकराचार्य कॉलेज तक बेदखली अभियान चलाया जायेगा। इस संबंध में अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया गया है।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने जोन 01 अनुविभाग कार्यालय के अंतर्गत कल अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश जोन आयुक्त को दिये। तथा बेदखल किये जाने वाले लोगो की सूची तैयार कर मुझे अवगत करावें। बेदखली अभियान के दौरान इस कार्य से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारी निर्धारित समय सुबह 11 बजे आवश्यक रुप से उपस्थित होवें अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधितों पर कठोर एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी, और ऐसी स्थिति के लिए जोन आयुक्त की जवाबदेही तय कर उनके उपर भी कार्यवाही की जावेगी, इसलिए जोनआयुक्त अने पुरे अमले के साथ अतिक्रमण हटाये जाने वाले स्थल पर निर्धारित समय में उपस्थित होने के निर्देश दिये।

जनसम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम भिलाई